आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में 66 विशिष्ट लोगों को वर्ष 2026 के पद्‌म पुस्कार प्रदान करेंगी।
2. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति प्राप्त करने की अंतिम तिथि आज तक के लिये बढ़ाई।
3. अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से तीस मई से जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
4. द्वीपसमूह के एक—दो जगहों पर तीस मई तक तेज हवाएं के साथ वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में 66 विशिष्ट लोगों को वर्ष 2026 के पद्‌म पुस्कार प्रदान करेंगी। आज दो पद्‌म विभूषण, छह पद्‌म भूषण और 58 पद्‌मश्री अलंकरण दिए जायेंगे। राष्ट्रपति ने वर्ष 2026 के लिए 131 पद्‌म पुरस्कारों की स्वीकृति दी है। इनमें पांच पद्‌म विभूषण, 13 पद्‌म भूषण और 113 पद्‌मश्री अलंकरण हैं। शेष पद्‌म पुरस्कार बाद में समारोह के दूसरे दौर में दिए जायेंगे। यह प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान कला, जनहित और समाज सेवा, साहित्य और शिक्षा, विज्ञान और अभियांत्रिकी, व्यापार और उद्योग, औषधि, खेल इत्यादि क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिये दिया जाता है। असाधारण और उत्कृष्ट सेवा के लिए पद्‌म विभूषण, विशिष्ट सेवा के लिए पद्‌म भूषण और किसी भी क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवा के लिए पद्‌मश्री से अलंकृत किया जाता है। समाज और देश की अप्रतिम सेवा की प्रेरणा देने वाले पद्‌म पुरस्कारों के लिये समाज के वंचित और दलित समुदाय, जनजातीय समुदाय और दूर दराज के दुर्गम क्षेत्र के लोगों का भी चयन होता है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड— सी.बी.एस.ई ने बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति प्राप्त करने की अंतिम तिथि आज तक के लिये बढ़ा दी है। बोर्ड ने कहा कि छात्रों को आवेदन करने का पर्याप्त समय देने के लिए यह फैसला किया गया है। आज उत्तर पुस्तिका की आखिरी स्कैन प्रति

उपलब्ध करा दिये जाने के बाद भी पोर्टल दो दिन तक खुला रहेगा। बोर्ड ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन के लिये आवेदन करने की तारीख जल्द घोषित की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन राष्ट्रीय दिशा–निर्देशों के अनुरूप टीबी मुक्त भारत अभियान – 100 दिवसीय गहन अभियान को सक्रिय रूप से लागू कर रहा है। यह अभियान तपेदिक को समाप्त करने के लिए एक व्यापक और लक्षित दृष्टिकोण पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य स्क्रीनिंग के माध्यम से टीबी के सभी छूटे हुए मामलों की जल्द पहचान करना, व्यक्तिगत मरीज देखभाल, पोषण संबंधी सहायता, अन्य बीमारियों के प्रबंधन, नियमित फॉलो–अप और टीबी डेथ ऑडिट के माध्यम से टीबी से होने वाली मौतों को कम करना और उनका प्रबंधन करना है। इस सिलसिले में अब तक छः सौ से अधिक आयुष्मान आरोग्य शिविर, स्कूल–कॉलेजों और विभिन्न कार्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। प्रशासन ने आम जनता से इस अभियान में भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

मिशन वात्सल्य योजना के विभिन्न हितधारकों के लिए हाल ही में पॉक्सो अधिनियम और इसके संशोधन अधिनियम एवं नियमों के कार्यान्वयन पर दो–दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान द्वारा समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत राज्य बाल संरक्षण समिति के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पॉक्सो अधिनियम, इसके संशोधन अधिनियम और नियमों के कार्यान्वयन को मजबूत करना तथा द्वीप समूह में बाल संरक्षण सेवाओं में लगे हितधारकों की क्षमता का विकास करना था। कार्यशाला में बाल कल्याण समितियों, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाइयों, विशेष किशोर पुलिस इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल गृहों के सदस्य एवं अधिकारी और मिशन वात्सल्य के तहत काम करने वाले अन्य बाल संरक्षण कर्मी शामिल थे। सत्र में यौन अपराधों से प्रभावित बच्चों के समय पर उपचार, संरक्षण, देखभाल और पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न हितधारकों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों, अंतर–विभागीय तालमेल और प्रभावी समन्वय तंत्र पर भी जोर दिया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से मई–जून माह में जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाले जिला जूनियर रग्बी 7 फुटबॉल

चैंपियनशिप 30 मई को खेली जाएगी, जिसके पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 मई है। इसके अलावा जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए 29 मई, ओपन सीनियर स्टेट रग्बी 7 चैंपियनशिप के लिए 5 जून, और जिला योग चैंपियनशिप के लिए 12 जून तक पंजीकरण किया जा सकता है। इच्छुक प्रतिभागी संघ से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के एक या दो जगहों पर तीस मई गरज के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी, जिसके बढ़कर 60 किमी प्रति घंटे होने की संभावना है। मछुआरों को इस दौरान समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

एनेट–दक्षिण फाउंडेशन ने ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान व शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय और डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से बिडनाबाद में एक दो–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला पूरे दक्षिण अंडमान जिले के स्वच्छता कार्यकर्ताओं, स्वच्छता पर्यवेक्षकों, मशीन ऑपरेटरों और स्थानीय तकनीशियनों के लिए बेलिंग मशीन संचालन और रखरखाव विषय पर आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला का आयोजन स्वच्छता कार्यकर्ताओं और स्थानीय तकनीशियनों की तकनीकी क्षमता को बढ़ाकर बेलिंग मशीनों की दक्षता, कार्यप्रणाली और दीर्घकालिक रखरखाव में सुधार करना था। इन सत्रों में डीब्रेट और सरकारी आई टी आई के तकनीकी प्रतिनिधियों के अलावा दक्षिण अंडमान जिले की विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर में आईआरसीए के समन्वय से आशा कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. एलिस बॉ ने तंबाकू के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए इससे बचाव व इलाज पर जोर दिया। परियोजना समन्वयक–सह–व्यावसायिक परामर्शदाता सुविदा ने तंबाकू छोड़ने, पुनर्वास सेवाओं, काउंसलिंग और इसके निवारक उपायों के बारे में बताया। मनोचिकित्सक डॉ. आथिरा ने मानसिक स्वास्थ्य विकारों पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

ग्रेट निकोबार हिन्द महासागर में भारत की सामरिक अग्रिम चौकी– सुर्खी के साथ **द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार** ने इसे अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन जारी रखने के समाचार को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** ने पुलिस एंटी नारकोटिक्स टीम द्वारा अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ करने और सह–आरोपी फाइनेंसर को गिरफ्तार करने के समाचार को अपने पहले पन्ने के निचले हिस्से में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह प्रतिनिधिमंडल के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जन मुद्दे उठाने जाने के समाचार को अपनी पहली खबर बनाई है। जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने रखरखाव में कमी के कारण कटबर्ट बे गेस्ट हाउस की दयनीय स्थिति के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>